नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त

ज्ञान शांति मैत्री

# महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305 इ-मेल: mgahvpro@gmail.com

वेबसाइट : www.hindivishwa.org

---

## परिसर को स्वच्छ रखने में करें सहयोग – प्रो.आनंद वर्धन शर्मा

### स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत चला स्वच्छता अभियान

### गांधी हिल्स पर हुआ समापन

वर्धा, 15 नवंबर 2016: अच्छे स्वास्थ्य के लिए स्वच्छता की भावना को विकसित कर अपने आसपास के परिसर को अधिक से अधिक स्वच्छ रखेने में हमेशा मदद करनी चाहिए। कार्यस्थल को स्वच्छ रखने से कार्य की गति और तेज होगी। उक्त विचार महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा ने व्यक्त किये। वे मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय परिसर में पिछले



एक नवंबर से जारी स्वच्छता अभियान के समापन पर मंगलवार को गांधी हिल्स पर विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. राजेंद्र प्रसाद मिश्र, राष्ट्रीय सेवा योजना के संयोजक राजेश लेहकपुरे, जनसंपर्क अधिकारी बी. एस. मिरगे सहित विद्यार्थी प्रमुखता से उपस्थित थे। उन्होंने आह्वान किया कि गांधी हिल्स को स्वच्छ रखने में यहां पर आने वाले दर्शक भी सहयोग प्रदान करें ताकि यह परिसर स्वच्छ और सुंदर बना रहे।

विदित हो कि विश्वविद्यालय में एक नवंबर से 15 नवंबर के दौरान स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया और इस दौरान परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें अध्यापक, अधिकारी एवं विद्यार्थियों ने सहभागिता



की। अभियान की शुरूआत नज़ीर हाट से की गयी। अभियान का समापन मंगलवार का प्रातः 7.30 बजे गांधी



हिल्स पर किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा पक्षी जलाशय को स्वच्छ कर उसमें पानी डाला गया तथा





पूरे परिसर को स्वच्छ कर गांधीजी की प्रतिमा तथा परिसर में स्थापित प्रतिकों को पानी से स्वच्छ किया गया।

## परिसर स्वच्छ ठेवण्यासाठी सहकार्य करावे – प्रो.आनंद वर्धन शर्मा
## गांधी हिल्सवर स्वच्छता पंधरवडयाचा समारोप

वर्धा, 15 नोव्हेंबर 2016: चांगल्या आरोग्यासाठी स्वच्छतेची भावना विकसित करून परिसर स्वच्छ ठेवण्यासाठी सहकार्य करावे असे आवाहन महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयाचे प्रकुलगुरु प्रो. आनंद वर्धन शर्मा यांनी केले. ते मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकारच्या निर्देशानुसार एक नोव्हेंबर पासून सुरू करण्यात आलेल्या स्वच्छता अभियानाच्या समारोप प्रसंगी मंगळवारी गांधी हिल्स वर विद्यार्थ्यांना संबोधित करत होते. यावेळी विश्वविद्यालयाचे कुलसचिव डॉ. राजेंद्र प्रसाद मिश्र, राष्ट्रीय सेवा योजनेचे संयोजक राजेश लेहकपुरे, जनसंपर्क



अधिकारी बी. एस. मिरगे यांच्यासह विद्यार्थी प्रामुख्याने हजर होते. यावेळी गांधी हिल्सवरील पक्षी जलाशय स्वच्छ करण्यात आले तसेच गांधीजींची प्रतिमा आणि इतर प्रतिकांना पाण्याने स्वच्छ करण्यात आले. परिसरात येणा-या नागरिकांनी स्वच्छता राखून परिसराचे सौंदर्य कायम ठेवावे असेही प्रो. शर्मा म्हणाले. अभियानाचा प्रारंभ विश्वविद्यालयातील नजीर हाट परिसरातून एक नोव्हेंबरला करण्यात आला होता. या अभियानात विश्वविद्यालयातील विविध विभागातील विद्यार्थी तसेच राष्ट्रीय सेवा योजनेचे स्वयंसेवक मोठया संख्येने सहभागी झाले.